महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा
Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya
(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)
(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)

हिंदी विश्वविद्यालय में सरोजिनी नायडू वाद-विवाद प्रतियोगिता
वर्धा के गोविंदराम सेकसरिया कॉलेज ऑफ कॉमर्स ने जीती ट्रॉफी

वर्धा दि. 31 दिसंबर 2014: महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के 17वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में डिबेटिंग सोसायटी द्वारा वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन आचार्य रामचंद्र शुक्ल सभामंडम में मंगलवार को किया गया। प्रतियोगिता का विषय था 'कश्मीर एवं उत्तर-पूर्व से 'आफ्स्पा' हटाना वहॉं के लोगों के हित में है'। प्रतियोगिता में छात्रों ने पक्ष और विपक्ष में अपनी बात रखी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र ने की। प्रतिकुलपति प्रो. चित्तरंजन मिश्र तथा डिबेटिंग सोसायटी की संयोजक अवंतिका शुक्ला मंचासीन थे।

जिला पुलिस उपाधीक्षक (गृह) आर. जी. किल्लेकर, प्रोद्योगिकी अध्ययन केंद्र के निदेशक विजय कौल, स्त्री अध्ययन विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. सुप्रिया पाठक, सहायक कुलसचिव ज्योतिष पायेंग परीक्षक के रूप में उपस्थित रहे। इस वर्ष की सरोजिनी नायडू ट्रॉफी गोविंदराम सेकसरिया कॉलेज ऑफ कॉमर्स वर्धा के शामसुंदर सेवाग और स्वप्निल पेठे ने जीती।

प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार संचार एवं मीडिया अध्ययन केंद्र का छात्र रजनीश कुमार त्रिपाठी को, द्वितीय पुरस्कार संचार एवं मीडिया अध्ययन केंद्र का छात्र अविनाश त्रिपाठी को, तृतीय पुरस्कार स्त्री अध्ययन विभाग के पीएच.डी. शोधार्थी आरती कुमारी को तथा सांत्वना पुरस्कार संचार एवं मीडिया अध्ययन केंद्र का छात्र दक्षम द्विवेदी को प्रदान किया गया।

प्रतियोगिता में मुकेश कुमार जायसवाल कृष्ण मोहन रजनीश कुमार त्रिपाठी प्रितेश पाण्डेय दिनेश पटेल शिल्पा भगत, अभिषेक त्रिपाठी अंजली राजपूत शामसुंदर सेवाग स्वप्निल पेठे रक्षा महाजन नेहा दुबे, विजय कुमार पक्ष, ऋषित दीवान अभिलाषा सिंह नीरज कुमार सिंह अविनाश त्रिपाठी आरती कुमारी दक्षम द्विवेदी ने पक्ष और विपक्ष में अपनी बातें रखी।